Jansatta, Delhi,October 26, 2009

टीसीएस आईटी क्विज 31 को

नई दिल्ली, 23 अक्तूबर (जनसत्ता)। दिल्ली के स्कूलों के आठवीं से 12वीं कक्षा के छात्रों के बीच टीसीएस आईटी क्वीज प्रतियोगिता इस बार 31 अक्तूबर को होगी। इसमें दिल्ली के पांच सौ छात्रों को सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में खुद को परखने और इनाम पाने का मौका मिलेगा। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की ओर से आयोजित होने वाली यह प्रतियोगिता इससे पहले बंगलूर, कोलकाता, भुवनेश्वर में हो चुकी है। दिल्ली के हौजखास स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के डोगरा हाल में देश के सबसे बड़े छात्र प्रतियोगिता के विजेता को लैपटॉप और उपविजेता सहित छह अंतिम छात्रों को कैमरे आदि बतौर पुरस्कार दिए जाएंगे। टीसीएस के उपाध्यक्ष देबाशीष घोष के मुताबिक आवेदन करने वाले पहले पांच सौ छात्रों को ही प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले अब तक 1600 छात्र इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले चुके हैं। आवेदन के लिए छात्र या संस्थान डब्लूडब्लूडब्लू डॉट टीसीएस आईटी क्वीज डॉट कॉम पर मिल सकते हैं।